जीवन रस पीना है तो पी श्याम नाम का पीला

जीवन रस पीना है तो पी श्याम नाम का पीला,
अपने मन से बोल जरा तू जय कृष्ण गोपाला,
जय श्री कृष्णा जय गोपाला,

इनके हाथ में छोड़ दे तू अपने जीवन की डोर,
बढ़ के पकड ले इनका दामान ना जा तू कही और,
और चला जा ले जाए जिस और ये मुरली वाला,
इनके भरोसे नैया छोड़ दे आप बने रखवाला,
जय श्री कृष्णा जय गोपाला,

हाथ जोड़ कर बोल दे इनको पार लगाने वाले ये,
चरणों में इनके झुकती दुनिया गैयाँ चराने वाले ये,
केसे न तुझको पार लगाये काली कमली वाला,
भगतो के है ये गोविंदा यही है दीन दयाला
जय श्री कृष्णा जय गोपाला,

जब भगतो ने इनको पुकारा दोड चले आये ये,
संकट जब भगतो पर आया लाज बचाने वाले ये,
सब को ये तो पार लगाये तिर्शी चितवन वाला,
हम भी आये शरण में तेरी पार लगा नंदलाला,
जय श्री कृष्णा जय गोपाला,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/12186/title/jeewan-ras-peena-hai-to-shyam-naam-ka-pyalaa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |